नकली कीटनाशक बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

Publish Date:Wed, 30 May 2018 10:39 PM (IST)

फोटो एमटीएच--27 खरीफ की मुख्य फसल धान की सूंडी और भूमि जनित कीटों के मारने की जा रह

फोटो एमटीएच—27

खरीफ की मुख्य फसल धान की सूंडी और भूमि जनित कीटों के मारने की जा रही दवा तैयार जागरण संवाददाता, मथुरा: छटीकरा के समीप नगला स्टेशन के एक मकान में नकली कीटनाशक बनाने की चल रही फैक्ट्री का कृषि रक्षा अधिकारी ने भंडाफोड़ किया है। एक प्रमुख कंपनी के रेपर्स में फिफरोनिल .3 प्रतशित रासायन की पै¨कग की जा रही थी। यहां से भारी मात्रा में खाली रेपर और एक पै¨कग मशीन बरामद की गई है। फैक्ट्री संचालित करने का आरोपित टीम को देखकर भाग गया।

खरीफ की फसलों में अधिकांश कीट और रोगों का प्रकोप होता है। मुख्य फसल धान को कीट-पंतगों से बचाने के लिए किसानों जहरीले रसायन डाल रहे हैं। आगामी फसल के लिए नकली कीटनाशक तैयार करने का काम नगला स्टेशन बिजली घर के पास छटीकरा निवासी रोहन ¨सह पुत्र लीला के यहां चल रहा था। उसने घर में ही कारखाना खोल लिया था। बायर कंपनी के रिजेंट जीआर इंस्टीसाइड के खाली रेपर्स में बाजार से खरीद कर लाए रसायन को भरकर बाजार में उतारने का काम लंबे समय से किया जा रहा था। कृषि रक्षा अधिकारी यतेंद्र ¨सह ने बताया कि इसकी जानकारी उनको कंपनी के एक प्रतिनिधि के माध्यम से प्राप्त हुई । एडीओ कृषि रक्षा चंद्रभान ¨सह और स्वदेश कुमार के साथ मिलकर रोहन ¨सह के मकान को चिन्हित किया गया। इसके बाद जैंत पुलिस चौकी पर तैनात एससीपी अजमेर ¨सह और कांस्टेबल रोहित, विमल गुजर के साथ दोपहर में रोहन ¨सह के मकान पर छापा डाला गया। यहां से एक-एक किलो 305 रेपर्स और पांच-पांच किलो के 193 खाली रेपर्स मिले, जो बायर कंपनी के रिजेंट के नकली रेपर्स थे। इनमें बाजार से खरीद कर लाया गया फिफरोनिल .3 प्रतशित भरा जा रहा था। मकान से एक पै¨कग मशीन भी बरामद की गई। रोहन ¨सह पुलिस को देखकर भाग गया। उसके खिलाफ रिपोर्टिंग पुलिस चौकी जैंत में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बरामद किए गए रसायन को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/mathura-busted-factory-for-making-fake-insecticide-18020958.html